17/02/2026

आकाशवाणी ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने लोक भवन ईटानगर में स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में राजधानी क्षेत्र में सफाई और बुनियादी सुविधाओं की स्थिति का आकलन किया गया। राज्यपाल ने शहर की सुंदरता और पर्यावरणीय आकर्षण पर जोर देते हुए कहा कि दोन्यी पोलो एयरपोर्ट से राजधानी तक आने वाली सड़क को राज्य की समृद्ध वनस्पति और जीव-जंतुओं को दर्शाने वाले ग्रीन कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। उन्होंने शहरी विकास विभाग, जिला प्रशासन और ईटानगर म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन को मिलकर इस लक्ष्य की दिशा में काम करने की सलाह दी। बैठक में मुख्य सचिव मनीश कुमार गुप्ता, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी तथा IMC मेयर लिखा नारी तादारा उपस्थित रहें।

0000000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने अरुणाचल प्रदेश के तवांग के प्रीमियम जैविक स्वदेशी लाल चावल **'रक्ता राइस'** का शुभारंभ किया। यह उत्पाद 'रक्ता ऑर्गेनिक' द्‌वारा तैयार और विपणन किया जा रहा है, जो ग्रेंखार गाँव के पेमा सेवांग की पहल है।

मुख्यमंत्री ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल ऊँचाई वाले क्षेत्रों की पारंपरिक खेती की उपज को व्यापक बाजार तक पहुँचाने का काम कर रही है। तवांग की घाटियों में रसायन मुक्त और पर्यावरण के अनुकूल तरीकों से उगाए जाने वाले इस चावल में प्राकृतिक रूप से एंटीऑक्सिडेंट, आयरन और आवश्यक खनिज प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल एक खाद्य उत्पाद नहीं, बल्कि पारंपरिक बीजों और कृषि विरासत के संरक्षण का भी प्रतीक है।

0000000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चौना मेन ने राज्य के आरडब्ल्यूडी मंत्री पी.डी. सोना की उपस्थित में शी-योमी ज़िले के मेचुका में चालीस बिस्तरों वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया। श्री सोना ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि यह बहुप्रतीक्षित सुविधा क्षेत्र के लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच को काफी मजबूत करेगी। इससे लोगों को इलाज के लिए लंबी और कठिन यात्राएँ करने की आवश्यकता कम होगी और समय पर चिकित्सा सुविधा घर के पास ही उपलब्ध हो सकेगी।

0000000000000000000000000

अपर सियाङ जिले के यिंगकियोंग की रहने वाली डॉ. यासुम लितिन ने अरुणाचल की पहली कार्डियक एनेस्थीसिया सुपरस्पेशलिस्ट और नॉर्थईस्ट इंडिया की पहली महिला बनकर इतिहास रचा है।

0000000000000000000000

वेस्ट कामेङ जिले के कालाक्तांग की रहने वाली सेरिंग लामू शोंगमू को नागपूर में स्टुडेंट्स फ़ॉर डेवेलोपमेंट द्वारा आयोजित “नेशनल एनवायरनमेंट यूथ पार्लियामेंट-2026” में ‘यूथ आइकन अवार्ड’ से सम्मानित किया गया।

0000000000000000000000

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड - CBSE दसवी कक्षा की परीक्षाएँ आज से पूरे अरुणाचल प्रदेश में शुरू हुई। आधिकारिक सुची के अनुसार छात्रों ने आज गणित विषय के पेपर से परीक्षा की शुरुआत की।

0000000000000000000000

ईटानगर कैपिटल रीजन को समय पर सुधारात्मक कदम नहीं उठाए जाने पर गंभीर भूजल संकट का सामना करना पड़ सकता है। जल संसाधन विभाग के रिटायर्ड अधीक्षण अभियंता वी.एन. पांडे ने चेतावनी दी है कि अनियंत्रित बोरवेल खुदाई और भूमि कटाव से स्थिति और बिगड़ सकती है। उन्होंने कहा है कि यहाँ की मिट्टी नाजुक और सिल्थ हेवी है तथा पानी में आयरन की मात्रा भी बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि राज्य में भूजल भंडार का अद्यतन हाइड्रो-जियोलॉजिकल मेपींग नहीं है और ड्रिलिंग से जुड़ा व्यवस्थित डेटा ज़िला प्रशासन के माध्यम से एकत्र किया जाना चाहिए। उन्होंने बड़े स्तर पर वर्षा जल संचयन की आवश्यकता पर भी जोर दिया और कहा कि अनियोजित मिट्टी कटाई से नदियों के बहाव मार्ग भी प्रभावित हुए हैं। उनके अनुसार जल सुरक्षा सामाजिक और आर्थिक स्थिरता से जुड़ी हुई है, इसलिए समन्वित प्रयास जरूरी हैं।

000000000000000000000000

सार्वजनिक सुरक्षा और जिम्मेदार नागरिक व्यवहार पर जोर देते हुए दोइमुख विधानसभा क्षेत्र के विधायक नाबाम विवेक ने लोगों से रेलवे ट्रैक पर चलने या उन्हें पार करने से परहेज करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि रेलवे लाइनें केवल रेल संचालन के लिए होती हैं, पैदल चलने के लिए नहीं। उन्होंने स्थानीय नेताओं, सामुदायिक संगठनों, अभिभावकों और शिक्षकों से भी रेलवे सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का आग्रह किया।

000000000000000000000000

आपदा के समय बेहतर तैयारी, जागरूकता और समावेशी सुरक्षा योजना सुनिश्चित करते हुए, विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आपदा प्रबंधन योजना की

तैयारी और जागरूकता को लेकर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चिम्पू स्थित दोन्यी पोलो मिशन स्कूल फॉर द हियरिंग एंड विज़ुअली इम्पेयर्ड, में आगामी उनीस फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम विद्यालय प्रशासन, स्पेशियल इजुकेटर, शिक्षकों, देखभाल करने वालों करमियों तथा अभिभावकों के लिए आयोजित किया गया है।

0000000000000000000000000

सांस्कृतिक समझ, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, मेरा युवा भारत, पापुमपारे द्वारा, युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के सहयोग से ईटानगर स्थित डॉन बॉस्को यूथ सेंटर में पाँच दिवसीय अंतर-जिला युथ एक्चेंज कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जो आगामी उन्नीस फरवरी 2026 तक जारी रहेंगी। कार्यक्रम में वेस्ट सियांग जिले के सैतीस चयनित युवा भाग ले रहे हैं। इसमें स्थानीय स्थलों के भ्रमण, योग एवं स्वास्थ्य सत्र, स्थानीय समुदायों से संवाद और समूह चर्चा जैसी गतिविधियाँ शामिल हैं, जिससे प्रतिभागियों में आत्मविश्वास, टीम भावना और आपसी समझ को बढ़ावा मिलेगा।

0000000000000000000000000